Dr. Seema Kumari
BA I (Subsidiary). RMC, VKSU. Date - 16.06.2021

एच. जे. लास्की एवं आर. एम. मेकाईवर के विचारधारा के विशेष संदर्भ में अनेकतावाद

अनेकतावाद या बहुलवाद (Pluralism)

वह सिद्धांत जिसके अनुसार समाज में आज्ञापालन कराने की शक्ति एक ही जगह केंद्रित नहीं होती बल्कि यह अनेक समूहों में बिखरी रहती है। ये समूह मानव जीवन की भिन्न भिन्न आवश्यकताएं पूरी करने का दावा करते हैं।

उन्नीसवीं सदी के आरंभ में व्यक्तिवाद का दौर था, उसकी तीव्र प्रतिक्रिया के रूप में केंद्रीकृत और सर्वसत्तात्मक प्रभुतासंपन्न राज्य की मांग की जाने लगी थी। प्रभुसत्ता के बहुलवादी सिद्धांत का उदय इन्हीं प्रवृतियों के विरोध में हुआ। बहुलवादी सिद्धांत ने राज्य के एकतत्वीय (Monistic) स्वरूप और उसकी अखंडता प्रभुसत्ता का खंडन करके उसे समाज की अन्य संस्थाओं के समकक्ष रखा और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य के साथ-साथ अन्य सामाजिक संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बहुलवाद को संप्रभुता की एकतत्वीय (अद्वैतवादी) धारणा के विरुद्ध एक ऐसी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है जो यद्यपि राज्य के अस्तित्व को बनाए रखना चाहती है किंतु राज्य की संप्रभुता का अंत करना महत्वपूर्ण मानती है।

Scanned with CamScanner

बहुलवादी विचारधारा के अनुसार राज्यसत्ता संप्रभु और निरंकुश नहीं है। बहुलवादी राज्य एक ऐसा राज्य है जिसमें सत्ता का केवल एक स्त्रोत नहीं है, यह विभिन्न क्षेत्रों में विभाजनीय है और इसे विभाजित किया जाना चाहिए।

गियर्क, मेटलैंड, फिंगिस, डिग्विट, क्रैब, पाल बेकर, लिंडसे, कु मिस फॉलेट, अर्नेस्ट बार्कर, जी. डी. एच कोल, लास्की, मेकाइवर जैसे विचारकों का नाम प्रमुख है।

<u>हेराल्ड लास्की</u> की विचारधारा में बहुलवाद

आंग्रेज दार्शनिक हेराल्ड जे. लास्की (1893-1950) ने अपनी रचनाओं - (A grammar of Politics), (An Introduction to Politics), (the foundation of Sovereignty), (the state in theory and Practice), (the authority of in the modern state) के अंतर्गत संप्रभुता के एकलवादी सिद्धांत की आलोचना करते हुए संप्रभुता का बहुलवादी सिद्धांत प्रस्तुत किया।

संप्रभुता की एकलवादी सिद्धांत का खंडन लास्की ने निम्न तर्कों के अंतर्गत किया -

1. लास्की ने सर हेनरी मेन के ऐतिहासिक विश्लेषण को स्वीकार करते हुए, रीति रिवाजों को माना जो प्रभुसत्ताधारी मानते हैं रंव शासकों तथा राज्यों की शक्ति को सीमित करते हैं

to be contd. -

Scanned with CamScanner